# UP Board Solutions for Class 8 Hindi Chapter 17 रानी अवंती बाई (महान व्यक्तित्व)

**अभ्यास-प्रश्न**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

**प्रश्न 1.**
अवंती के जन्म पर उनके पिता राव जुझार सिंह ने किस प्रकार खुज़ियाँ मनाई ?
**उत्तर :**
अवंती बाई के जन्म पर जमींदार जुझार सिंह के यहाँ उत्सव का माहौल था। बधाइयों और शुभकामनाओं के बीच मिठाइयाँ बांटी जार ही थीं। ढोल-बाजे बजे रहे थे। माता-पिता बिटिया को पाकर खुशी से फूले नहीं समा रहे थे।

**प्रश्न 2.**
अवंती बाई का विवाह कब और किसके साथ हुआ ?
**उत्तर :**
अवंती बाई का विवाह रामगढ़ के राजा लक्ष्मण सिंह के सुपुत्र राजकुमार विक्रमादित्य के साथ हुआ।

**प्रश्न 3.**
अवंती बाई ने सन् 1857 में स्वतंत्रता संग्राम के समय आस-पास के राजाओं को क्या संदेश भेजा?
**उत्तर :**
सन् 1857 में स्वतंत्रता संग्राम के समय रानी अवंती ने आस-पास के राजाओं को संदेश भेजा कि, 'देश की रक्षा के लिए कमर कसो या चूड़ी पहनकर घर में बैठो।'

**प्रश्न 4.**
रानी अवंती बाई ने अंग्रेजों के आत्मसमर्पण के संदेश को अस्वीकार कर दिया। इससे रानी की किस विशेषता को पता चलता है?
**उत्तर :**
इससे रानी की राष्ट्र भक्ति, जझारूपन, बहादुरी उनके स्वाभिमानी होने तथा उनके शौर्य का पता चलता है।

https://www.evidyarthi.in/